तापमान
अधिकतम 40 .3 डिग्री
न्यूनतम 26 .4 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 20 जुलाई 2026

12 मानव की सहायता करना ही सच्ची सेवा सामाजिक संस्थाएं निभाएं अहम भूमिका

12 ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने देखा कैंटोनमेंट बोर्ड का विकास मॉडल

चार सौ एकड़ में होती है सब्जियों की खेती

पधाना बना हरियाणा का सब्जी उत्पादन हब, सब्सिडी के इंतजार में किसान

देशभर में पहुंचती हैं पधाना की ताजा सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

अलग खबर

गांव पधाना आज हरियाणा में सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां करीब 400 एकड़ भूमि पर वर्षभर विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती की जाती है। मार्च से सितंबर तक करेला, घीया, तोरी और भिंडी, जबकि सितंबर से मार्च तक टमाटर, गोभी, गाजर, धनिया और मटर की फसल उगाई जाती है। गांव के लगभग 80 प्रतिशत किसान सब्जी उत्पादन से जुड़े हैं और यहां की ताजा सब्जियां दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ तथा महाराष्ट्र सहित कई राज्यों तक पहुंचती हैं।हालांकि, किसानों का कहना है कि बढ़ती उत्पादन लागत और कम बाजार भाव उनकी सबसे बड़ी समस्या है। कई किसान ठेके पर जमीन लेकर खेती करते हैं, जिस पर सालाना करीब 80 हजार रुपये तक खर्च आता है। इसके अलावा बीज, खाद, दवाइयों, सिंचाई और मजदूरी का खर्च लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद किसानों को मंडियों में सब्जियां मात्र 6 से 10 रुपये प्रति किलो बेचनी पड़ती हैं, जबकि यही सब्जियां बाजार में कई गुना अधिक कीमत पर बिकती हैं। किसानों ने सरकार से पधाना में सब्जी मंडी स्थापित करने, बिजली व कृषि सामग्री पर सब्सिडी देने, फसल बीमा और भावांतर योजना लागू करने की मांग की है, ताकि सब्जी उत्पादकों को उनकी मेहनत का उचित लाभ मिल सके।

तरावड़ी। जी टी रोड़ पर बेचने के लिए लाई स्टाल।

तरावड़ी। महिलाएं करेले तोड़ते हुये।

खेती में महनत तो बहुत है लेकिन बाजार में अच्छे दाम नहीं मिलते

गांव गांगर निवासी किसान रणजोर सिंह ने बताया कि सब्जी की खेती में मेहनत बहुत अधिक होती है, लेकिन बाजार में अच्छे दाम नही मिलतें। कई बार सब्जी के भाव उंचे मिल जाये तो अच्छी कमाई संभव है। किसान हर बार अच्छे भाव की इंतजार में रहता है लेकिन उसें फायदा कम होता है। सरकार सब्जी उत्पादकों को सब्सिडी दें फसल पर खर्चा अधिक होता है बचत कम होती है। कई बार बरसात अधिक होती है सारी फसल खराब हो जाती है।

खेती बाजार पर निर्भर

सब्जी उत्पादक मोहित राणा का कहना है कि यह खेती पूरी तरह बाजार भाव पर निर्भर करती है। यदि दाम अच्छे मिलें तो किसानों को लाभ होता है और कभी-कभी अच्छा सीजन आने पर पिछले नुकसान की भरपाई भी हो जाती है। लेकिन अब खेती मे खर्चे, लेबर दिहाड़ी अधिक होने से फायदा खत्म हो गया है।

खेती लागत लगातार बढ़ रही

गांव पधाना के सब्जी उत्पादक प्रदीप राणा ने बताया कि वर्तमान समय में खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। बढ़ते खर्च किसानों की बचत को कम कर देते हैं। यदि लागत पर नियंत्रण हो तो किसानों की आय में और बढ़ोतरी हो सकती है। या सरकार भावान्तर योजना को लागू करें जिससे किसानों फायदा हो।

सब्जी की खेती जुए समान

किसान अनूप सिंह ने सब्जी की खेती को जुएं के समान बताया। उनके अनुसार यदि फसल अच्छी हो और बाजार भाव भी ठीक मिले तो फायदा होता है, अन्यथा कई बार केवल लागत ही निकल पाती है। कई बार सब्जी का सीजन बढिया लगता है जिसमे किसान को पैसे बचते है पिछले नुकसान की भरपाई भी हो जाती है ।

खेती में नहीं मिल रहा लाभ

गांव पधाना के सब्जी उत्पादक सुरेन्द्र राणा का कहना है कि सब्जी की खेती दिन प्रति दिन नुक्सान की ओर जा रही है। जमीन का ठेका भी बढ़ता जा रहा है। किसानों को मेहनत के हिसाब उतना फायदा नहीं हो रहा है। सरकार से मांग है कि बांस, तार, बीज, दवाई पर उत्पादकों सब्सिडी दें और मनरेगा को सब्जी उत्पादकों के साथ जोड़े जिससे किसानों को फायदा होगा।

खबर संक्षेप

शादी के छह दिन बाद ही दुल्हन लापता, केस दर्ज

शहजादपुर। खेड़की मानकपुर गांव में प्रेम प्रसंग के बाद दोनों परिवारों की रजामंदी से युवक-युवती का मंदिर में विवाह कराया गया था। अब दुल्हन शादी के 6 दिन बाद लापता हो गई। गांव के साहिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पंचकूला में अपने चाचा के साथ सैलून चलाता है। उसकी मुलाकात पुराना पंचकूला खड़क मंगोली की रेनू से हुई थी। दोनों के बीच दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिवारों की सहमति से अब दोनों की शादी हो गई थी। परिवादी के मुताबिक अब दुल्हन अपने साथ पहचान के सभी जरूरी कागजात और एक बैग लेकर गई है।

मेडिकल शोध को दीपक शर्मा इसां की देह दान की

पानीपत। डेरा सच्चा सौदा की अमर सेवा मुहिम के तहत मॉडल टाउन निवासी 47 वर्षीय दीपक शर्मा इसां की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए परिजनों ने उनकी पार्थिव देह मेडिकल शोध के लिए प्रसाद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, लखनउ, उत्तर प्रदेश को दान की। बेटियों अर्ज इसां और अंशिका इसां ने अर्थी को कंधा दिया। सेवादार राजेश इसां ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की ओर से अब तक 2824 शरीरदान हो चुके हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया और जन सेवा दल के सदस्य चिमन लाल गुलाटी ने इस पहल को प्रेरणादायी बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

सीआईए टू ने अपहरण का आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस ने गांव थिराना अड्डे से लकड़ी ठेकेदार दिलावर के अपहरण की वारदात में शामिल फरार चल रहे सातवें आरोपी इसराना निवासी अनुज उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने पहले गिरफ्तार हो चुके अपने छह साथी आरोपियों व फरार एक अन्य साथी आरोपी के साथ मिलकर दिलावर का अपहरण करना स्वीकारा है। वहीं, दिलावर अपहरण केस में थाना मतलौडा में राजेंद्र पुत्र प्रभुराम निवासी थिराना जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

गेहूं घोटाले में आरोप-प्रत्यारोप का नया दौर

पूर्व इंस्पेक्टर ने लगाए तीन करोड़ गबन के आरोप

पूर्व इंस्पेक्टर ने जांच की निष्पक्षता पर उठाए सवाल, कस्टोडियन पर करोड़ों के गबन का आरोप; एफएसओ ने किया खंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

कुंजपुरा स्थित खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गोदाम में हुए करोड़ों रुपये के बहुचर्चित गेहूं घोटाले में अब आरोप-प्रत्यारोप का एक नया दौर शुरू हो गया है। मामले में प्राथमिक रूप से घिरे पूर्व इंस्पेक्टर अशोक शर्मा ने एक वीडियो जारी कर खुद को पूरी तरह निर्दोष बताया है। उन्होंने विभागीय उच्चाधिकारियों और गोदाम के मौजूदा कस्टोडियन पर मामले को दबाने और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस नए खुलासे के बाद जांच की निष्पक्षता को लेकर बहस तेज हो गई है। पूर्व इंस्पेक्टर अशोक शर्मा ने वीडियो में दावा किया कि शुरुआत में उन पर करीब 5 हजार गेहूं के बैग गायब करने का आरोप लगाया गया था, जबकि उस समय गोदाम की जिम्मेदारी उनके पास थी ही नहीं। इसके बाद विजिलेंस और विभागीय जांच में यह संख्या बढ़कर क्रमशः 9500 और 9951 बैग तक पहुंच गई। शर्मा का आरोप है कि हर बार आंकड़ों में हेरफेर की गई और जिम्मेदारी तय करने में पारदर्शिता न बरतते हुए पूरे मामले का ठीकरा उनके सिर फोड़ा जा रहा है।

आरोप लगाते अशोक शर्मा

निलंबन और इयूटी में बदलाव पर उठाए सवाल

शर्मा के अनुसार, 3 जुलाई को 40 क्विंटल गेहूं के कथित गबन के आरोप में उन्हें निलंबित किया गया था, जिसके बाद 8 जुलाई को उन्होंने चंडीगढ़ स्थित निदेशक कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया और वहीं से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके स्थान पर गोदाम का कस्टोडियन मुकेश गुप्ता को बनाया गया था; ऐसे में उनके प्रभार के बाद हुई किसी भी कमी के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराना पूरी तरह गलत और तर्कहीन है। उन्होंने कहा कि गोदाम से जो भी गेहूं गायब हुआ, वह उनकी अनुमति के बिना उठाया गया था।

खास बातें

- 25 लाख रिश्वत लेने का भी लगाया आरोप
- गेहूं बैगों की संख्या में हेरफेर का आरोप
- डीजीपी को शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का दावा
- रिकॉर्ड नहीं सौंपने का एफएसओ ने किया पलटवार

कस्टोडियन पर 3 करोड़ का गेहूं बेचने व रिश्वतखोरी का आरोप

वीडियो में पूर्व इंस्पेक्टर ने तत्कालीन एफएसओ एवं वर्तमान कस्टोडियन मुकेश गुप्ता पर सीधे तौर पर करीब 3 करोड़ रुपये का गेहूं अवैध रूप से बेचने का संगीन आरोप मढ़ दिया है। शर्मा का दावा है कि 24 जून को निदेशक स्तर की जांच में भी मुकेश गुप्ता को जिम्मेदार माना गया था और कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी, लेकिन अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण कार्रवाई को दबा दिया गया। इसके अलावा, शर्मा ने सरकार से मुकेश गुप्ता की संपत्ति की जांच की मांग करते हुए कहा कि गुप्ता के पास सेक्टर-8 में दो मंजिला कोठी और कई प्लॉट हैं, जो परिजनों के नाम पर हैं। शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि मामले को रफा-दफा करने के नाम पर एफएसओ समेत कुछ अधिकारियों ने उनसे 25 लाख रुपये की रिश्वत ली, जो उन्होंने 6 अगस्त को अपने ईपीएफ और रिश्तेदारों से उधार लेकर दी थी, फिर भी उनके खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करा दी गई। उन्होंने 2 जनवरी 2026 को हरियाणा के डीजीपी से मिलकर भी इस संबंध में शिकायत दी थी, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

एफएसओ मुकेश गुप्ता ने आरोपों को नकारा

दूसरी ओर, जब इस संबंध में एफएसओ मुकेश गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। गुप्ता ने कहा कि अशोक शर्मा के खिलाफ सभी सबूतों के आधार पर ही नियमानुसार एफआईआर दर्ज करवाई गई है। 25 लाख रुपये लेने की बात पूरी तरह मनगढ़ंत है; अगर ऐसा था तो यह मामला एक साल बाद क्यों उठाया जा रहा है? उन्होंने यह भी जोड़ा कि अशोक शर्मा ने अभी तक विभाग को रिकॉर्ड नहीं सौंपा है, जिसके लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है।

कुवि के डॉ. आनंद अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आनंद जायसवाल को यूरोप के प्रतिष्ठित डाइवर्स यूनिवर्स इंटरनेशनल परफॉर्मेंस फेस्टिवल-2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव 20 से 26 जुलाई 2026 तक एस्टोनिया के टालिन और पारनू शहरों में आयोजित होगा।

विशेष बात यह है कि इस वर्ष भारत से चयनित होने वाले कलाकारों में डॉ. आनंद जायसवाल एकमात्र प्रतिनिधि हैं, जो न केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. आनंद जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि किसी अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में भारत के एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. जायसवाल अपनी प्रतिभा और सृजनशीलता से अंतरराष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन करेंगे। डॉ. आनंद जायसवाल ने बताया कि यह अवसर भारतीय कला परंपरा, सांस्कृतिक विविधता और समकालीन भारतीय रचनात्मकता को विश्व मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

प्लाट पर कब्जे को लेकर आपस में भिड़े दो गुट

यमुनानगर। जिले के प्रताप नगर में प्लाट पर कब्जे को लेकर तो पक्षों में झगड़ा हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट पत्थरों से हमला कर परिवार के तीन लोगों को घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों को नामजद करते हुए सौ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। निवासी करण सिंह ने प्रताप नगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका प्रताप नगर में प्लाट है। जिसका कोर्ट केस चल रहा है। 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे वह अपने प्लाट पर परिवार के सदस्यों के साथ गया था। इस दौरान वहां पर अंकुश कुमार, पंकज बलिया व अश्वनी कंसल अपने सौ के करीब अन्य साथियों के साथ वहां पहुंच गए। आरोपियों ने आते ही उन पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे वह तथा उसके परिवार के तीन लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा कर शांत किया। पुलिस ने करण सिंह की शिकायत पर आरोपी अंकुश कुमार, पंकज बलिया व अश्विनी कंसल को नामजद करते हुए सौ अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

खेत में मोटर ठीक करते समय हादसा

करंट लगने से किसान की मौत

- धान की फसल में पानी देते वक्त बिजली की तार की चपेट में आया किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के गांव अमरगढ़ में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां खेत में काम करते समय करंट लगने से एक किसान की असामयिक मृत्यु हो गई। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, शनिवार को अमरगढ़ गांव में धान के खेतों में पानी देने के लिए किसान ट्यूबवेल की मोटर ठीक कर रहा था। इसी दौरान वह अचानक बिजली की लाइव तार की चपेट में आ गया। मृतक के चचेरे भाई ने बताया कि 38 वर्षीय जगमाल सिंह (निवासी गांव सिकरी) अपने ताऊ का बेटा था और सिकरी के साथ-साथ अमरगढ़ गांव में भी ठेके पर जमीन लेकर खेती करता था। शनिवार को जब वह खेत में मोटर ठीक करने का प्रयास कर रहा था, तभी अचानक बिजली का एक खुला तार उसके पैर से स्पर्श कर गया।

अस्पताल में डॉक्टरों ने घोषित किया मृत

हादसे के तुरंत बाद आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचित किया। बदहवास परिजन जगमाल को बेहोशी की हालत में तुरंत करनाल के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से मृतक के परिवार में शोक की लहर है। बताया जा रहा है कि मृतक शादीशुदा था और उसका एक 18 वर्षीय बेटा भी है।

पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके का मुआयना किया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्च्युरी हाउस भिजवा दिया। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान बनाकर सैलून संचालक से ठगे 80 हजार रुपये

यमुनानगर। इंस्टाग्राम पर फर्जी पहचान बनाकर एक युवक ने सैलून संचालक से 80 हजार रुपये की ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गांव भम्भोल निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक युवक ने उसे मैसेज किया। इसके बाद दोनों के बीच व्हाट्सएप पर बातचीत होने लगी। आरोपी ने बताया कि उसका वीजा खत्म हो गया है और उसे वीजा एजेंट को तत्काल पैसे देने हैं।

ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

कुरुक्षेत्र। पिहोवा की राजनीति में रविवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। गांव कराह साहिब में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन गुरप्रीत सिंह अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी ने उन्हें भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस राजनीतिक घटनाक्रम को क्षेत्र में भाजपा की बढ़ती ताकत और कांग्रेस के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के गांव कराह साहिब पहुंचने पर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया। पूरे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साह देखने लायक था। पं.जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पारदर्शी, ईमानदार और विकासोन्मुख कार्यशैली से प्रभावित होकर लगातार लोग दूसरी पार्टियों को छोड़ भाजपा का दामन थाम रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है और यही कारण है कि पार्टी का परिवार दिन-प्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है।

हत्या का आरोपी चन्द घंटों में किया काबू

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने हत्या करने के आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक श्री चंद्र मोहन कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर थानेसर पुलिस टीम में हत्या करने के आरोपी मोहित को चंद्र घंटे में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 19 जूलाई 26 को गांव सांवला में गुरुद्वारा के पास गोहर/खेत का रास्ता में एक व्यक्ति का शव मिला था। सूचना पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को मौका पर बुलाकर घटनास्थल और शव का निरीक्षण करवाया गया। मृतक की पहचान राजकुमार वासी सांवला के रूप में हुई।

यमुनानगर में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में युवक समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक व व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार चंदाखेड़ी कॉलोनी व्यासपुर निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उसका बेटा 20 वर्षीय आयुष 17 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। जब वह व्यासपुर की अनाज मंडी के पास पहुंचा तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उसके बेटे की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया।

कार के टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

गांव शहजादवाला निवासी साजन ने बताया कि उसका चाचा रामशरण 17 जुलाई को रात साढ़े आठ बजे अपने गांव लौट रहा था। जब वह गांव खिल्लेवाला के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार से आ रही कार ने उसके चाचा की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसका चाचा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने उसके चाचा को गंभीर हालत में अस्पताल में पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसके चाचा की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कार की टक्कर से चालक व मिस्त्री की मौत

समालखा। जीटी रोड पर समालखा-मनाना फ्लाईओवर के उपर रविवार को कार ने पिकअप को टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप का चालक 32 वर्षीय जावेद निवासी उत्तर प्रदेश व मिस्त्री 38 वर्षीय सुनील निवासी करहंस जिला पानीपत की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की जांच में पता चला कि सुनील के पिकअप के टायर में पंक्चर हो गया था, उसने पिकअप को सडक किनारे रखा किया और पंक्चर जुडवाने के लिए मिस्त्री सुनील को मौके पर बुलाया। वहीं, सुनील अपने औजार लेकर मौके पर पहुंचा और पिकअप के टायर के पंक्चर को जोडने लगा। इस दौरान समालख की ओर से आ रही कार ने पंक्चर लगा रहे मिस्त्री सुनील और चालक जावेद को टक्कर मार दी।

जनभागीदारी को मजबूत करने पर विशेष बल दिया

एसएमसी सदस्यों से सीएम ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार रविवार को राजकीय उच्च विद्यालय गणेशपुर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ 'सीधा संवाद' कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालयों के समग्र विकास, विद्यार्थियों के हितों तथा जनभागीदारी को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने एसएमसी सदस्यों से विद्यालयों के विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

शहजादपुर। सीएम संवाद कार्यक्रम में मौजूद एसएमसी सदस्य।

कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा विभाग एवं हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय एसएमसी प्रधान उर्मिला रानी व अन्य सदस्यगण और विद्यालय की ओर से संगीता रानी, पूजा रानी, रजनी बाला, उमा रानी एवं सोहन लाल उपस्थित रहे। साथ ही सीआरसी कोड़वा खुर्द से कुलविंदर सिंह ने विशेष रूप से कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।एसएमसी सदस्यों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यालयों के विकास एवं शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 180 मरीजों की जांची सेहत

बरसात में अस्थमा व सांस के रोगी खानपान में करें परहेज

स्वास्थ्य जांच के बाद मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के सहारनपुर-कुरूक्षेत्र मार्ग पर कैंप स्थित निर्मल अस्पताल में रविवार को नि:शुल्क अस्थमा व दमा जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 180 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मौके पर मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां वितरित की। इस दौरान छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई।

शिविर में अस्थमा, सांस व दमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह व अन्य चिकित्सकों की टीम ने 180 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जिनमें अधिकांश लोगों को अस्थमा, शुगर, सांस, दमा व हृदय रोग से पीड़ित पाया गया। मौके पर डॉ. निर्मल सिंह ने मरीजों को रोगों के उपचार और स्वस्थ रहने के लिए उपाय बताए। उन्होंने बताया कि आजकल बरसात व उमस भरी गर्मी का मौसम चल रहा है। जिसकी वजह से लोग जानकारी के अभाव में विभिन्न रोगों की चपेट में आ रहे हैं। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर में ज्यादात्तर रोगी अस्थमा, सांस व दमा से पीड़ित पाए गए।



यमुनानगर। डॉ. निर्मल अस्पताल में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। *फोटो : हरिभूमि*

50 बच्चों का हुआ चेकअप

शिविर में बाल रोग विशेषज्ञों ने 50 बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की। मौके पर उन्होंने बच्चों के खान पान के बारे में भी अभिभावकों को सचेत किया। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में बच्चों के खानपान पर खास ध्यान रखने की जरूरत है।

जिनका अस्पताल की ओर से नि:शुल्क उपचार किया गया। डॉ. निर्मल ने बताया कि बरसात के मौसम में उमस व तापमान बढ़ने से अस्थमा और दमा के मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मरीजों को मौसम में बढ़ रही उमस और तापमान के चलते खानपान में तीखे मसाले आदि से बने खाद्य पदार्थ नहीं खाने के लिए सलाह दी।

खबर संक्षेप

जनसेवा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता: श्याम सिंह

रादौर। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याणए मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर निवास स्थान पर रविवार को लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निवारण किया। उन्होंने अनेक मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जनता की प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संवेदनशील तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। क्योंकि हलके की जनता से रूबरू होकर उनकी समस्याओं एवं शिकायतों का निदान करना मेरी सबसे पहली प्राथमिकता है ।

26 जुलाई को रादौर में लगेगा रक्तदान शिविर

रादौर। भारत विकास परिषद शाखा रादौर के तत्वावधान में 26 जुलाई को कस्बा के सफल पैलेस में 13वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परिषद के सदस्य और अन्य रक्तदाता भाग लेंगे। उक्त जानकारी शाखा के अध्यक्ष ललित माटिया ने दी। परिषद के शाखा रादौर अध्यक्ष ललित माटिया ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर तैयारियों की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है। रक्त एक से दूसरे इंसान को ही दिया जा सकता है। संस्था समाजसेवा से जुड़े कार्य समय समय पर करती रहती है। उन्होंने सभी से रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। ताकि दूसरों की जिंदगी बचाई जा सके।

छात्रों को वैश्विक अवसरों के लिए करेंगे तैयार

रादौर। विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर शिक्षा ग्रहण करने के अवसर प्रदान करने के लिए जनता पब्लिक स्कूल अलाहर ने विक्योरिया अकादमी के साथ शैक्षणिक समझौता किया है। इस समझौते के तहत अब जनता पब्लिक स्कूल के कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय ऑन्टारियो सैकेंडरी स्कूल डिप्लोमा कार्यक्रम का लाभ प्राप्त होगा। उक्त जानकारी विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया बजाज ने दी। प्रधानाचार्या सोनिया बजाज ने बताया कि इस शैक्षणिक समझौता के तहत विद्यार्थी अपनी नियमित स्कूली शिक्षा के साथ साथ विश्वस्तरीय पाठ्यक्रम का अध्ययन कर सकेंगे। यह कार्यक्रम उन्हें कनाडा सहित अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजPलैंड तथा यूरोप के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए सशक्त मार्ग प्रदान करेगा।

सोनिया बजाज

पीड़िता ने दो महिलाओं समेत तीन लोगों के खिलाफ दी शिकायत

मोबाइल पर कर रहे थे अश्लील बात अब केस दर्ज कर तलाश रही पुलिस

आरोपियों ने अंबाला के पब्लिक टॉयलेट में लिख दिया महिला का मोबाइल नंबर, अब आ रहे अनजान लोगों के कॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हुड्डा सेक्टर 17 पुलिस थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने दो महिलाओं व एक व्यक्ति पर उसके व्हाट्सएप पर कॉल करके उसे परेशान करने व अश्लील मैसेज भेजना का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपियों ने उसका मोबाइल नंबर अंबाला के पब्लिक टॉयलेट में लिख दिया। जिस कारण उसके मोबाइल पर अनजान लोगों के फोन आ रहे हैं। ऐसे लोग महिला से गंदी बातें कर रहे हैं। कई लोग उसे व्हाट्सएपर पर अश्लील मैसेज भी भेज रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी महिलाओं व एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस इन तीनों के तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार हुड्डा सेक्टर 17 जगाधरी की एक कालोनी निवासी 50 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 जुलाई से उसके व्हाट्सएप पर आरोपी जैस्मिन कौर, दलजीत कौर व विनय ठाकुर मैसेज कर उसे परेशान कर रहे हैं। वे उससे अश्लील बातें करते हैं।

आरोपियों ने उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भी भेजें। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद उसके मोबाइल पर अनजान व्यक्तियों के फोन आने लगे। जब उसने अपने स्तर पर जांच की तो पता चला कि आरोपियों ने उसका मोबाइल नंबर अंबाला में पब्लिक टॉयलेट में लिखा हुआ है। उसने इस संबंध में आरोपियों से बात की मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी जैस्मिन कौर, दलजीत कौर व विनय ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

चोरों ने घर में घुसकर चुराए चार मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

चोरों ने शहर की पुराना हमीदा लक्कड़ मंडी स्थित एक घर में घुसकर चार मोबाइल चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार लक्कड़ मंडी पुराना हमीदा निवासी अश्वनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 जुलाई को रात का खाना खाने के बाद वह परिवार के सदस्यों के साथ अपने घर में सौ गया था। सुबह जब वह उठे तो उन्हें घर से चार मोबाइल गायब मिले। उसने बताया कि चोरों ने रात को घर में घुसकर मोबाइल चोरी किए हैं। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर। महाआरती में भाग लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्त जीवन जीते हुए सत्य की राह पर चलें: मेहता

रादौर। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रादौर की पंजाबी धर्मशाला में मां जगत जननी और सतगुरु देव श्री शक्तिपुत्र महाराज की मासिक महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रीना अंटावा व श्रुति चमरौडी ने गुरुवर व मां के जयकारे लगवाए। तेजपाल झगुड़ी ने मंच का संचालन किया। भक्तों ने तीन तीन बार शंखनाद करते हुए महाआरती का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता ने कहा कि आज का माहौल एक अशांति का माहौल है। इस अशांति के माहौल को हम सिर्फ मां की आराधना से ही शांति में परिवर्तित कर सकते हैं। हमें सत्य का जीवन जीना चाहिए। आज सभी संगठनों को चाहिए कि सबसे पहले अपने आप नशा मुक्ति, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज कल्याण की यात्रा को तय करना चाहिए। समाज में जाकर घर घर में भी यही संदेश देना चाहिए कि हमें नशा मुक्ति और चरित्रवान जीवन जीते हुए सत्य की राह पर चलना चाहिए। धर्मपथ से जुड़कर साधना तपस्या अपने घरों में रहकर करनी चाहिए। मां की आराधना से सरल और सुगम आराधना आज कोई भी नहीं है। मां की साधना ही हमें सुख शांति प्रदान कर सकती है। हमारे दुखों को दूर कर सकती है। मनुष्य को तो मनमानी करने की छूट किंचित मात्र भी नहीं है। क्योंकि परम सत्ता ने उसे सोचने विचारने की शक्ति दी है कि वह अच्छा सोच सके अच्छे कर्म करें।

योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान तक पहुंचाना चाहती है सरकार: राणा

■ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मार्निंग वाक के तहत चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा के सुपुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रादौर क्षेत्र में मार्निंग वाक के दौरान जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान ग्रामीणों ने वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल राणा का स्वागत किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि मार्निंग वाक के दौरान जनसंपर्क करने का मुख्य उदेश्य लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका घर बैठे ही समाधान करवाना है। ताकि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें। उन्होंने अधिकांश समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को फोन करके निवारण करवाया। नेपाल सिंह राणा ने कहा कि जनसंपर्क का मुख्य उदेश्य यह भी है कि सरकार की जनहित की योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। उन्होंने बताया कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा रादौर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को करवाने में कोई कमी नहीं रहने दे रहे हैं। इसके साथ ही वह जनसंवाद को गति देने के लिए पूरी तरह सक्रिय हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के आदेशों पर वह गांव गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके साथ जन संवाद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी,गलियों के निर्माण और खेती किसानी से जुड़ी अपनी विभिन्न समस्याएं उनके समक्ष रखीं। जिनमें उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही प्रशासनिक अधिकारियों से फोन पर बात कर समाधान करवाया।

रादौर। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा। फोटो : हरिभूमि

साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को बताया गुरु सेवा का महत्व

गुरु को माना गया है परमात्मा का साक्षात स्वरूप

गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को गुरु सेवा के महत्व के बारे में समझाया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि गुरु वह शक्ति है जो साधारण से दिखने वाले नरेंद्र को स्वामी विवेकानंद, मुकुंद लाल घोष को योगानंद परम हंस और एक दासी पुत्र को चंद्रगुप्त मौर्य बनाने का सामर्थ्य रखती है। लेकिन मनुष्य को अपना मिथ्या अहंकार त्याग कर गुरु की शरण में जाने से ही उनके महत्व का ज्ञान होता है। क्योंकि गुरुदेव स्वयं वे कल्पवृक्ष हैं जो अपनी शरण में आने वाले की लौकिक आलौकिक सभी इच्छाओं की पूर्ति कर देते हैं। लेकिन इसके लिए शिष्य को निरंतर सत्संग सेवा साधना सुमिरन को जीवन में उतारना होगा। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि गुरु सेवा केवल बाहरी कार्यों तक सीमित नहीं है अपितु यह शिष्य के अंत:करण को निर्मल बनाने और उसके अहंकार का क्षय करने का दिव्य साधन है। जब शिष्य तन, मन और धन से निष्काम भावपूर्वक गुरु की सेवा करता है। तब उसका जीवन ईश्वरीय कृपा का पात्र बनने लगता है।

उन्होंने कहा कि शास्त्रों में गुरु को साक्षात परमात्मा का स्वरूप माना गया है। गुरु ही वह दिव्य शक्ति हैं जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है।

मगर गुरु की वास्तविक सेवा केवल उनके आश्रम या कार्यों में सहयोग देना ही नहीं है। बल्कि उनके द्वारा प्रदत्त दिव्य ब्रह्म ज्ञान को अपने जीवन में धारण करना, उनके आदर्श के अनुकूल आचरण करना तथा मानवता की सेवा में स्वयं को समर्पित करना ही गुरु की वास्तविक सेवा है। साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि जिस प्रकार एक बीज उपजाऊ भूमि में पड़कर विशाल वृक्ष बनता है। उसी प्रकार गुरु की सेवा और उनके दिव्य आदर्शों में ढलकर शिष्य का व्यक्तित्व आध्यात्मिक रूप से विकसित होता है। गुरु सेवा से मन में विनम्रता, धैर्य, श्रद्धा, समर्पण और प्रेम जैसे दिव्य गुणों का विकास होता है।

यमुनानगर। जगाधरी में दिव्य जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करतीं साध्वी भारती व श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी

पौधरोपण कर ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

यमुनानगर। नगर खेड़ा सेवा ट्रस्ट ससौली द्वारा रविवार को गांव ससौली में पौधारोपण अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान का शुभारंभ ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट धर्मजीत सिंह ससौली ने पौधा लगाकर किया। मौके पर ट्रस्ट के सदस्यों ने सैंकड़ो पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के महासचिव सुनील कुमार ने की। ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने बताया कि रविवार को ट्रस्ट के महासचिव सुनील कुमार, सुखबीर सिंह कोषाध्यक्ष, सरबजीत,सरदार सिमरत सिंह,चंद्र मौली, एटोनी कश्यप, निखिल व परमजीत सिंह आदि सदस्यों ने गांव के खेड़ा लंगर हाल के वॉलीबॉल ग्राउंड समेत अन्य खाली पड़े स्थानों पर विभिन्न किस्म के फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों ने जो पौधे लगाए गए हैं उनका पालन पोषण करने का संकल्प लिया। संस्थापक एडवोकेट धर्मजीत सिंह ने बताया की ट्रस्ट के सदस्य नियमित रूप से समाज सेवा के कार्यों को कर रहे हैं। ट्रस्ट द्वारा जुलाई माह में जहां रोजाना सफाई अभियान चलाया जा रहा है। वहीं, गांव के के सामूहिक स्थानों पर पौधारोपण किया जाएगा। ताकि पर्यावरण को स्वच्छ रखा जा सके। वहीं, आने वाले समय में इस कार्य से बच्चे प्रभावित हो सकें और वह भी अपने आसपास के स्थान में पेड़ों को पालने में अपना योगदान दे सकें। उन्होंने ग्रामीणों से खासकर युवाओं से अपने आसपास खाली पड़े स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें।

तरुण हेड ब्वाय व शेली को बनाया हेड गर्ल

रादौर। अष्टविनायक पब्लिक स्कूल खरकाली में इन्वेस्टीचर सेरेमनी-2026 का आयोजन कर छात्र परिषद का गठन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक डॉ.अमन पंजेटा ने मुख्यातिथि के रुप में किया। जबकि अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण सैनी ने की। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण सैनी ने बताया कि छात्र परिषद के गठन में छात्र तरुण को हेड ब्वाय व छात्रा शेली को हेड गर्ल बनाया गया। इसके अलावा छात्रा निधि को अनुशासन प्रभारी, छात्रा सारिका व छात्र प्रियांशु को स्वश्छता प्रभारी, अभिजोत व जसविंदर को खेल प्रभारी, वंशिका, माही, लक्षदीप व अक्षिता को हाउस कैप्टन नियुक्त किया गया। प्रधानाचार्य अरुण सैनी ने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने परिषद के पदाधिकारियों को स्कूल के मूल्यों और परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं, स्कूल प्रबंधक डॉ. अमन पंजेटा ने नव नियुक्त छात्र परिषद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और अपना काम ईमानदारी, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के साथ उदाहरण बनकर नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि छात्र परिषद को आधिकारिक रूप से नियुक्त किया गया है। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में जिम्मेदारी, अनुशासन और समर्पण के साथ नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। मौके पर गुरुकुल खरकाली के उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह ने नवनियुक्त छात्र परिषद के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई। उन्होंने नव निर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी से पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन आयुषी द्वारा किया गया।

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करें: गुप्ता

यमुनानगर। नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत आयोजित की जाने वाली रन अंगेस्ट ड्रग्स दौड़ की तैयारियों को लेकर जिला खेल विभाग द्वारा खेल नर्सरियों के प्रशिक्षकों की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने की। जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर में 26 जुलाई को नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो अभियान के तहत रन अंगेस्ट ड्रग्स दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में प्रत्येक खेल नर्सरी को संचालित कर रहे प्रशिक्षकों को दौड़ मे भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ियों का पंजाकरण करवाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो अभियान के अंतर्गत निधारित 26 जुलाई को सुबह सवा पांच बजे शहर के मटका चौक से दस किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस दौड़ मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों में विजेता खिलाड़ियों को पुरुष व महिला वर्ग में अलग अलग पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को एक एक लाख रुपये का नगत इनाम देकर पुरस्कृत किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता ने बताया कि इस दौड़ में भाग लेने के लिए युवा पोर्टल अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है।

बच्चों ने प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल

रादौर। स्वराज पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक माडल बनाकर प्रस्तुत किए। इस दौरान उत्कृष्ट माडल बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक शशि बाटला व डॉ.अजय शर्मा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा जौली कालरा ने बताया कि नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा प्रदर्शनी के दौरान स्वस्थ भोजन, परिवहन के साधन,हमारे सहायक, योगा, भारतीय संस्कृति, गांव दर्शन, हरी भरी धरती, युवाओं की नई सोच आदि विषयों समेत गणित व विज्ञान से संबंधित विभिन्न आकर्षक माडल बनाए। इसके अलावा नन्हें मुन्ने बच्चों ने ग्रामीण और शहरी रहन सहन से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में आए हुए सभी अभिभावकों व स्कूल प्रबंधक पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए आकर्षक माडलों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर विद्यालय की निदेशक शशि भाटला व डॉ. अजय शर्मा द्वारा उत्कृष्ट माडल बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी।

खबर संक्षेप

युवाओं को सही दिशा देना उद्देश्य : हरनेक

लाडवा। लाडवा के बाबा बंसी वाला वृद्धाश्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क करियर एवं अंग्रेजी कार्यशाला का आयोजन किया गया। वृद्धाश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने कहा कि विद्यार्थियों को समाज सेवा के साथ-साथ उनके भविष्य और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी उपयोगी जानकारी भी मिलनी चाहिए। ग्रुप के डायरेक्टर हरनेक सिंह ने कहा कि चेतन्य करियर कंसल्टेंट्स समय-समय पर ऐसे सामाजिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है, जिनका उद्देश्य युवाओं को सही दिशा देना है।

पेयजल आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन की चेतावनी

शाहबाद। नगर के वार्ड नंबर-7 स्थित माजरी मोहल्ले में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पानी नहीं मिलने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं और लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। वार्ड की बुजुर्ग महिलाओं निर्मला, कमला और संतोष ने बताया कि पानी नहीं आने से नहाने, भोजन बनाने और अन्य घरेलू कार्यों में भारी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कहा कि बच्चे भी बिना नहाए स्कूल जाने को मजबूर हैं।

19वें मां भगवती जागरण 25 जुलाई को : रोहित

लाडवा। लाडवा की अनाज मंडी में मां भगवती के विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। जागरण का आयोजन जय ज्वाला जी सेवा मंडल लाडवा द्वारा करवाया जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोरों पर चल रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंडल के प्रधान अंकित गर्ग व महासचिव रोहित सिंह ने बताया कि इस बार 19 वे मां भगवती जागरण का आयोजन लाडवा की अनाज मंडी में 25 जुलाई को किया जा रहा है।

स्वच्छता सप्ताह में ग्रामीणों ने निभाई भागीदारी

कुरुक्षेत्र। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मनाए जा रहे हरियाणा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त गांव के निर्माण का संकल्प लेते हुए अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। आज के प्रमुख कार्यक्रम पिहोवा खंड की ग्राम पंचायत थम्बलबोडा तथा बाबैन खंड की ग्राम पंचायत टाटका एवं भगवानपुर में हुए। कार्यक्रमों की अध्यक्षता क्रमशः खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी विवेक कुमार, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) की परियोजना अधिकारी मनजीत कौर तथा पंचायती राज विभाग, कुरुक्षेत्र के कार्यकारी अभियंता ने की।

गुरविन्द्र सिंह के नाम पर चौक, मार्ग या पार्क का होगा नामकरण

कोच गुरविन्द्र सिंह को दी श्रद्धांजलि हर साल याद में होगी हॉकी प्रतियोगिता

100 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को किया है तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

गुजरात की लिंबडी विधानसभा से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री किरीट सिंह जीतूभा राणा ने कहा कि हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने देश के लिए 100 ओलम्पियन, 20 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व 100 से ज्यादा राष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार किए है। इस प्रशिक्षक ने हरियाणा ही नहीं गुजरात में भी 100 से ज्यादा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाडियों को तैयार किया है। इस प्रशिक्षक का नाम हॉकी जगत में हमेशा अमर रहेगा। इतना ही नहीं पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने प्रसिद्ध हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह के नाम से थानेसर शहर में किसी चौक, मार्ग या फिर पार्क का नामकरण करने की घोषणा की है। इसके साथ ही हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह के जन्मदिवस पर हर वर्ष अक्टूबर माह में अच्छे स्तर पर उनकी याद में हॉकी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए रतगल गुरुद्वारा साहिब में उनकी धर्मपत्नी कंवलजीत कौर व बेटी सिरजन कौर की तरफ से श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उन्होंने हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। इसके साथ ही गुजरात से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री किरीट सिहं जीतूभा राणा, हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा सुशील राणा, हॉकी हरियाणा के महासचिव सुनील मलिक, हॉकी कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विकासदीप संधू, अर्जुन अवार्डी डा. दलेर सिंह, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, बाबा अवतार सिंह, गुरुद्वारा के प्रधान जसमेर सिंह, ओलम्पियन सुरेन्द्र कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी मुनीष राणा, भरत सिंह, इंस्पेक्टर अनिश मलिक, भाजपा नेता त्रिलोचन सिंह ने हॉकी कोच को श्रद्धांजलि दी।

कुरुक्षेत्र। श्रद्धांजलि सभा में मौजूद गुजरात की लिंबडी विधानसभा से विधायक किरीट सिंह जीतूभा राणा व अन्य।

प्रदेश का नाम देश में किया रोशन

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने अनेकों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाडी तैयार करके कुरुक्षेत्र ही नहीं हरियाणा का नाम देश दुनिया में रोशन किया है। इस परिवार के साथ व्यक्तिगत संबंध होने के कारण हमेशा मिलना रहता था और जब भी मिलते थे तभी हॉकी और खिलाडियों के विकास की ही बात करते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन हॉकी को समर्पित कर दिया। इसलिए थानेसर शहर में उनके नाम से किसी मार्ग का नाम रखा जाएगा या फिर किसी चौक या पार्क का नामकरण किया जाएगा। डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह ने निस्वार्थ भाव से खिलाड़ियों और हॉकी के उद्धार के लिए कार्य किया है। अपने जीवन के अंतिम सफर में भी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के साथ साथ जूनियर नेशनल टीम में चयन हेतु खिलाडियों के नाम की सिफारिश करते रहे। उन्होंने हॉकी को ही अपना सबकुछ माना इसलिए सभी के साझे निर्णय के अनुसार उनकी 21 अक्टूबर के जन्म दिवस पर हर वर्ष हॉकी का अच्छे स्तर पर प्रतियोगिता करवाई जाएगी। ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा लेती रहे। हॉकी हरियाणा के महासचिव सुनील मलिक व हॉकी कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विकासदीप संधू ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सेवानिवृत चीफ हॉकी कोच गुरविन्द्र सिंह का नाम हॉकी जगत में पूरे मान सम्मान के साथ लिया जाएगा। इस मौके पर केडीबी सदस्य रमेश सिंह सैनी, समाजसेवी विनोद गर्ग, बलराज ग्रेवाल, गुजरात भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राज भा झाला, गुरतेज सिंह, लखविन्द्र पाल सिंह ग्रेवाल, सेवानिवृत सहायक निदेशक बाबू राम रावल, कुलदीप सिंह वडैच, सोहन लाल, नरेन्द्र ठाकुर, चांद राम, समाजसेवी नरेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, साहिल, पूनम सहित दर्जनों प्रशिक्षकों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

यूएसएफ की त्रैमासिक कार्यशाला

107 शालिनियों ने सीखे व्यावसायिक संचार के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उदयन शालिनी फेलोशिप (यूएसएफ) कुरुक्षेत्र केंद्र में डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित त्रैमासिक कार्यशाला ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक दक्षता को नई दिशा प्रदान की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शालिनियों के संचार कौशल, पेशेवर व्यवहार और आत्मविश्वास को सशक्त बनाना रहा, ताकि वे भविष्य की प्रतिस्पर्धी दुनिया में प्रभावी ढंग से अपनी पहचान बना सकें। कार्यशाला के मुख्य वक्ता पेबिंगो के मुख्य रणनीति अधिकारी एवं प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विशेषज्ञ रंजीत ओक ने /"ईमेल लेखन कौशल/" विषय पर अत्यंत प्रेरक और व्यवहारिक सत्र प्रस्तुत किया। लगभग 28 वर्षों के अनुभव से समृद्ध रंजीत ओक ने औपचारिक ईमेल लेखन की बारीकियों को सरल और रोचक ढंग से समझाया। उन्होंने बताया कि एक प्रभावी ईमेल में विषय, अभिवादन, मुख्य संदेश, समापन और हस्ताक्षर का सही स्वरूप कितना महत्वपूर्ण होता है। वास्तविक उदाहरणों और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से उन्होंने शालिनियों को ईमेल लेखन की तकनीक सिखाई तथा स्पष्ट, विनम्र, संक्षिप्त और उद्देश्यपूर्ण भाषा के महत्व पर विशेष बल दिया। उनके संवादात्मक एवं प्रेरक प्रस्तुतीकरण ने छात्राओं को पूरे समय सक्रिय रूप से जोड़े रखा। इस अवसर पर कक्षा 11वीं से लेकर स्नातक अंतिम वर्ष तक की कुल 107 शालिनियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी शाहाबाद, पिपली, बारना, किरमच, सरसा, देवीदासपुरा, रतगल, थानेसर, उमरी, झांसा, इस्माईलाबाद, लाडवा, यमुनानगर और कमोदा सहित विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचीं।

मानसून की दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू के खिलाफ मुस्तैद : डीसी

जुलाई को डेंगू रोधी महीने के रूप में मनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मानसून की दस्तक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग डेंगू के खिलाफ पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। जिला के नागरिकों को सचेत रहने और सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रदेश सरकार की ओर से आओ मिलकर डेंगू रोकें का नारा देते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे जुलाई महीने को डेंगू रोधी महीने के रूप में मनाएं और अपने आस-पास पानी जमा न होने दें। डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है, जो मुख्य रूप से दिन के समय काटता है और हमेशा रुके हुए साफ पानी में ही पनपता है। नागरिकों से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और पानी ठहरेगा जहां - मच्छर पनपेगा वहां की बात को गंभीरता से लेने का आग्रह किया है।

रविवार और शुक्रवार को मनाएं सूखा दिन

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जिलावासियों को सलाह दी है कि वे प्रत्येक रविवार को अपने घरों में और शुक्रवार को अपने कार्यालयों में सुखा दिवस जरूर मनाएं। इस दिन सभी पानी के बर्तनों, कूलर, टंकी, फ्रिज के पीछे बनी ट्रे, गमले तथा गमलों के नीचे रखी ट्रे को खाली करके कम से कम 24 घंटे तक सुखाएं ताकि मच्छर के अंडे और लार्वा पूरी तरह नष्ट हो जाएं। इसके साथ ही उन्होंने छतों पर रखी पानी की टंकियों को हमेशा ढक्कन लगाकर बंद रखने तथा मानसून की बरसात शुरू होने से पहले छत पर पड़े बेकार प्लास्टिक के सामान, पुराने टायर और नारियल के खोल आदि को साफ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि घरों के आस-पास के गड्ढों को मिट्टी से भरवा दें, पूरी बाजू के कपड़े पहनें, मच्छर रोधी क्रीम या कीटनाशक से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें।

90 जरूरतमंद परिवारों को बांटा राशन

पिहोवा। महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से श्री कृष्ण कृपा सेवा मंदिर में पिछले लगभग तीन दशकों से निरंतर चल रही मानव सेवा की परंपरा के अंतर्गत आज मासिक राशन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृष्ण कृपा जियो गीता समिति के प्रधान मनोहर लाल शर्मा ने जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में समिति के उपप्रधान अनिल धवन, श्री कृष्ण कृपा गोशाला के प्रधान जगदीश तनेजा के साथ वरिष्ठ सदस्य नरेश छाबड़ा भी सेवा कार्य में सहभागी बने।कार्यक्रम के दौरान लगभग 90 जरूरतमंद परिवारों को आटा, दाल, चावल, नमक, मसाले एवं अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित की गई।

राम मंदिर चंदा मामले पर आप का हस्ताक्षर अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चंदे में कथित अनियमितताओं के विरोध में आम आदमी पार्टी ने रविवार को कुरुक्षेत्र में महा-हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, प्रभु श्रीराम की आरती तथा प्रधानमंत्री के नाम लिखे गए पत्र पर नागरिकों से हस्ताक्षर कराए गए। पार्टी नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग उठाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने आरोप लगाया कि श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था और विश्वास के साथ दान दिया था। यदि उस धन में किसी प्रकार की हेराफेरी हुई है तो इससे करोड़ों रामभक्तों की भावनाएं आहत हुई हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रणवीर लोहान, मुख्य प्रवक्ता सुमित हिंदुस्तानी, जवाहर लाल गोयल, शांति देवी सैनी, लाड़वा हलका अध्यक्ष राजकमल, प्रदेश संयुक्त सचिव अमरीक बकाली, आप नेता नबी घावरी, छात्र नेता भारत बराड़, शुभम राणा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रबुद्ध नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम को संबोधित करते आप प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता।

मुस्कुराहट और धैर्य ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति : स्वामी शक्ति देव

कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के संस्थापक सद्गुरुदेव स्वामी शक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले एवं सद्गुरुदेव स्वामी संतोष ओंकार जी महाराज कुरड़ी वाले ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक शिष्य का जीवन सदैव सद्गुरु के सानिध्य और उनके मार्गदर्शन में व्यतीत होना चाहिए। सद्गुरु का सानिध्य व्यक्ति को जीवन की हर परिस्थिति में मानसिक दृढ़ता, विवेक और आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि जीवन में केवल सुखद और अनुकूल परिस्थितियां ही नहीं आतीं, बल्कि अपमान, शोक, वियोग, हानि, असफलता और अनेक प्रकार की चुनौतियां भी हर व्यक्ति के जीवन का हिस्सा हैं। संसार में कोई भी ऐसा नहीं जो इन उतार-चढ़ावों से अछूता रह सके। इसलिए परिस्थितियों से घबराने के बजाय उनका धैर्य और सकारात्मक सोच के साथ सामना करना चाहिए। सद्गुरुदेव ने कहा कि छोटी-छोटी बातों पर निराश होना, क्रोधित हो जाना, आवेश में आकर अनुचित शब्द बोलना या गलत निर्णय लेना व्यक्ति की आंतरिक कमजोरी का परिचायक है। मानसिक शक्ति को मजबूत बनाकर ही कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी विवेकपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश दिया कि क्रोध और उत्तेजना में बोले गए शब्द तथा किए गए कर्म अक्सर परिस्थितियों को और अधिक जटिल बना देते हैं।

21 को पंचकूला कूच की रणनीति तैयार 10 अगस्त को होगा जेल भरो आंदोलन

मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने गुरुद्वारा साहिब पिहोवा में की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

आशा वर्कर यूनियन की ओर से आज गुरुद्वारा साहिब पेहवा में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रधान पिंकी और राज्य उपप्रधान रानी देवी उपस्थित रहीं। बैठक में आशा वर्कर्स की लंबे समय से लंबित पड़ी मुख्य मांगों और आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य उपप्रधान रानी देवी और जिला प्रधान पिंकी ने कहा कि सरकार द्वारा आशा वर्कर्स की जायज मांगों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब से स्वास्थ्य मंत्री जी ने मंत्री पद संभाला एक बार भी हमारी यूनियन के डेलिगेशन से मिलना जरूरी नहीं समझा और काम का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है, जिसको लेकर वर्कर्स में भारी रोष है। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर आगामी 21 जुलाई को पंचकूला स्थित एनएचएम (ठल्ट) महानिदेशक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। पेहवा ब्लॉक से बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स इस राज्य स्तरीय प्रदर्शन में भाग लेने के लिए पंचकूला कूच करेंगी। बैठक में सरकार को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि सरकार ने इन मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो 10 अगस्त को जिला स्तर पर 'जेल भरो आंदोलन' शुरू किया जाएगा।

अतिथियों का स्वागत महंगे पुष्प गुच्छ देने की बजाए पौधा देकर करे : स्वीटी

लाडवा। स्वागत के नाम पर महंगे फूलों के गुलदस्ते देने की परंपरा को बदलने की एक नई पहल लाडवा की विस्तार अनाज मंडी से शुरू हुई है। विस्तार अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान स्वीटी भूल्लर ने अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया, जिसकी न केवल हर कोई प्रशंसा कर रहा है बल्कि लोग इससे प्रेरित भी हो रहे हैं। गत बुधवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी स्वच्छता अभियान के तहत लाडवा अनाज मंडी पहुंची थी। पारंपरिक रूप से आयोजकों और कार्यकर्ताओं ने मुख्यातिथि सुमन सैनी का स्वागत फूल और पुष्प गुच्छ देकर किया, लेकिन विस्तार अनाज मंडी के प्रधान स्वीटी भूल्लर ने इस अवसर पर एक अलग उदाहरण पेश किया। उन्होंने सुमन सैनी का स्वागत गुलदस्ते की बजाय एक पौधा भेंट करके किया। सुमन सैनी ने इस अनोखे स्वागत की खुलकर प्रशंसा की और कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए इस तरह के छोटे कदम बहुत बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने प्रधान के इस प्रयास को स्वच्छता अभियान के उद्देश्य से भी जुड़ा हुआ बताया। मंडी प्रधान स्वीटी भूल्लर ने सभी सामाजिक और राजनीतिक संगठनों से अपील की है कि वे मुख्यातिथियों और अन्य अतिथियों का स्वागत महंगे पुष्प गुच्छ देने की बजाए पौधा देकर करे। क्योंकि फूलों का गुलदस्ता कुछ घंटों में मुरझाकर कचरा बन जाता है। यह न सिर्फ पैसे की बर्बादी है, बल्कि पर्यावरण पर भी बोझ डालता है।

कुष्ठ रोग का समय पर इलाज संभव : अंकित

थानेसर। ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने श्रीराम कुष्ठ आश्रम पहुंचकर वहां रह रहे लोगों के बीच मासिक राशन का वितरण किया तथा उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि कुष्ठ रोग का समय पर इलाज संभव है और सरकारी अस्पतालों में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इसकी जांच और उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति को समाज से अलग करने या उसके साथ भेदभाव करने के बजाय उसे प्रेम, सम्मान और सहयोग दिया जाना चाहिए। बीमारी किसी व्यक्ति की पहचान नहीं होती, बल्कि उसका हौसला और आत्मसम्मान उसकी पहचान होता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा, यदि किसी व्यक्ति के शरीर पर लंबे समय तक सुन्नपन वाले धब्बे, त्वचा में असामान्य परिवर्तन या अन्य लक्षण दिखाई दें, तो बिना किसी झिझक के नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच करानी चाहिए।मानवता, प्रेम और भाईचारा ही एक स्वस्थ और मजबूत समाज की पहचान है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण श्रद्धा सहयोग समिति के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, श्री राम कुष्ठ आश्रम के प्रधान साहब राम, राजेंद्र, रुदल पासवान, सदन, सरस्वती, विनोद, गंगा देवी, रीना, जमुना, गोदावरी आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम 35वें छात्रवृत्ति वितरण समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिली सहायता

वक्ताओं ने कहा - शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव

मेहनत को मिला सम्मान: मैसी ने मेधावी विद्यार्थियों के सपनों को दी नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महाराजा अग्रसेन शिक्षा सम्मान योजना (मैसी) की ओर से शनिवार को गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के विद्या भारती सभागार में 35वां छात्रवृत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह की अध्यक्षता उद्योगपति एवं समाजसेवी अनिल गुप्ता (तरावड़ी) ने की। तिरुपति ग्रुप ऑफ कम्पनीज, पांवटा साहिब के निदेशक अजय गोयल बबलू मुख्य अतिथि तथा पंजाब ट्रेड कमीशन के उपाध्यक्ष साहिल अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहे। मुख्य अतिथि अजय गोयल बबलू ने कहा कि मैसी पिछले 15 वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़कर समाज को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल छात्रवृत्ति वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का अभियान है। अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक समृद्धि उसके शिक्षित, संस्कारित और आत्मनिर्भर युवाओं से होती है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पहले शुरू हुई यह पहल आज वटवृक्ष का रूप ले चुकी है और इसके लाभार्थी विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, बैंकिंग, शिक्षा एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में सेवाएं दे रहे हैं। विशिष्ट अतिथि साहिल अग्रवाल ने कहा कि मैसी का कार्य महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को साकार करता है और इस योजना का विस्तार देशभर में होना चाहिए।

कुरुक्षेत्र। छात्रवृत्ति वितरण समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथि।

शिक्षा सबसे बड़ा निवेश : सुमित

समाजसेवी सुमित गर्ग हिंदुस्तानी ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा निवेश है, जबकि शिक्षाविद डॉ. माला राम बंसल, आरडी गोयल, मुरारी लाल अग्रवाल और राजन जिंदल ने भी शिक्षा के महत्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए आरडी गोयल ने कहा कि शिक्षा के कारण ही भारत की पूरे विश्व में अलग पहचान बन रही है। संस्था के प्रधान मुनीष मित्तल ने बताया कि मैसी का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता देना नहीं, बल्कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अवसर देकर आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में ऋषि राम अग्रवाल, रमेश गोयल, विपिन जिंदल डा. अजय अग्रवाल, डा. दीपाली गोयल, डा. ऋषि पाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, विनोद अग्रवाल, विनोद गुप्ता, सुषमा गुप्ता, स्वाति गुप्ता, डा. शशि मित्तल, के के गुप्ता, सुशील अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, विनोद गर्ग, विपिन गर्ग, जितेन्द्र गोयल पोला, नरेश सिंगला, बृज जिन्दल, जयपाल गोयल, गौरव मित्तल, कुलवंत गर्ग, निशी गुप्ता, सुमित गर्ग, साहिल गर्ग, शिवांग गर्ग, जोशीले अग्रवाल, आकाश गर्ग, अशोक गर्ग गोगी, राजन जिंदल आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

हर वार्ड में गठित होगी समिति, मांगे आवेदन

अंबाला। नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सहरावत ने बताया कि नगर निगम द्वारा हरियाणा म्यूनिसिपल सिटीजन पार्टीस्पेशन एक्ट-2008 के तहत वार्ड समितियों का गठन किया जाना हैं। इसके तहत निगम के प्रत्येक वार्ड के इच्छुक व पात्र नागरिक जोकि वार्ड समिति के सदस्य के रूप में कार्य करना चाहते हैं उनसे आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पौधरोपण अभियान का भव्य आयोजन

अंबाला। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला कानूनी सेवाएं प्राधिकरण गीतांजलि गोयल के कुशल मार्गदर्शन में स्टाफ कॉलोनी में एक विशेष पौधारोपण अभियान का भव्य आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और आवासीय परिसर को हरा-भरा बनाना था।

फोटोस्टेट दुकान की बोली 22 जुलाई को

अंबाला। नगराधीश अभिषेक ने बताया कि उपायुक्त कार्यालय के अधीन कचहरी कम्पाउंड में स्थित फोटोस्टेट शॉप नंबर 2 की नीलामी 22 जुलाई 2026 को प्रातः 11 बजे तहसीलदार की अध्यक्षता में जिला नाजिर शाखा में होनी है। इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर बोली दे सकते हैं। बोली देने से पूर्व फोटोस्टेट शॉप की राशि 25,000/- रूपए बतौर सिक्योरिटी जमा करवानी होगी।



बराड़ा। चोरों द्वारा तोड़े गए ग्रिफ।

तंदवाल में चोरों ने ट्यूबवेल का ग्रिफ तोड़ा, तारों से तांबा उखाड़ ले गए चोर

बराड़ा। गांव तंदवाल में चोरों ने एक बार फिर किसानों की मेहनत पर हाथ साफ कर दिया। बेखौफ बदमाशों ने देर रात किसान विक्रम सिंह के खेत में लगे ट्यूबवेल को निशाना बनाते हुए उसका ग्रिफ तोड़ डाला और बिजली की तारों में लगा तांबा निकालकर फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके के किसानों में भारी आक्रोश है।

मंत्री विज ने शिविर में रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

मानव की सहायता करना ही सच्ची सेवा सामाजिक संस्थाएं निभाएं अहम भूमिका

अंबाला। शिविर में रक्तदाता को बैच लगाते मंत्री अनिल विज। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि मानव की सहायता करना ही सेवा है। समाज सेवा हमारा लक्ष्य होना चाहिए और हमारा शहर समाज सेवा में नंबर एक होना चाहिए। संसार में कुछ भी मुफ्त नहीं है, हमें कुछ देना भी पड़ता है, इसलिए समाज व प्रकृति का कर्ज सेवा से ही उतरेगा। विज अंबाला छावनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल फेलोशिप क्लब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। उन्होंने रक्तदान शिविर की सराहना करते हुए कहा कि अग्रवाल फेलोशिप क्लब एक मशहूर समाज सेवी संस्था है जो रक्तदान शिविर के अलावा समाज सेवा के विभिन्न कार्यों को करते हैं। समाज सेवी कार्यों से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलती है। क्लब सदस्य स्वयं रक्तदान कर समाज सेवा का बेहतर उदाहरण समाज को दे रहे हैं। उन्होंने अग्रवाल फेलोशिप क्लब को प्रोत्साहन स्वरूप अपने स्वैच्छिक कोष से दस लाख रुपए देने की घोषणा की। मंत्री ने कहा कि इस युग में लोग अपने तक ही सीमित होकर रह गए हैं जबकि दूसरे लोगों की सेवा के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। सेवा विभिन्न कार्यों से होती है और हमें यह करना जरूरी भी है। हम पर्यावरण से हवा ले रहे हैं, सूर्य से रोशनी ले रहे हैं और इन्हीं से ही हम जीवित है परंतु संसार का नियम है कि दुनिया में कुछ मुफ्त नहीं है और हर वस्तु का भाव देना पड़ता है। यदि हमने कुछ लिया है तो कुछ देना भी पड़ता है नहीं तो समाज व प्रकृति का कर्जा चढ़ता रहता है। इसी कर्जे को उतारने के लिए समाज सेवी संस्थाएं बहुत बढ़ी भूमिका अदा कर रही है। विज ने गीत गुनगुनाया कि अपने लिए जिए तो क्या जिए, जीना वहीं है जो दूसरो के लिए जीना है। उन्होंने कहा जो लेते रहते है और देते कुछ नहीं उनके जीवन में खटास रहती है जो उन्हें ही नुक्सान देती है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करना चाहिए क्योंकि यही पर्यावरण हमें शुद्ध हवा देते हैं। पौधे ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं जिससे हमें जीवन मिलता है और बिना ऑक्सीजन के आदमी जीवित नहीं रहता है। इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाना चाहिए। हमारी पार्टी ने कई स्थानों पर पौधरोपण किया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह खाली स्थानों पर पौधरोपण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि शहर से बाहर गांव, खेतों व जंगलों में भरपूर मात्रा में खुली हवा व ऑक्सीजन मिलती है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर व उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर अग्रवाल फेलोशिप क्लब के पदाधिकारी अनिरुद्ध जिंदल, नीरव जैन, दिनेश अग्रवाल, संजीव जिंदल, अमित अग्रवाल, ऋषि गुप्ता, नवीन मित्तल, आशीष राज गुप्ता, जितेंद्र सिंघल, महेश अग्रवाल के अलावा भाजपा नेता रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, अनुज यादव, अनिल बहल, अभिषेक धीमान सहित अन्य मौजूद रहे।

सेवा के अनेकों प्रकल्प

उन्होंने कहा कि सेवा के अनेकों प्रकल्प है जिनमें जरूरतों को शिक्षा देना का कार्य है। गरीब बस्तियों में जाकर बच्चों व माता-पिता को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज विज्ञान ने बहुत तरक्की कर ली है। भारत की एक निजी कंपनी ने पहली बार अपना रॉकेट लांच कर दिया है। गत दिनों ही देश की पहली हाईड्रोजन ट्रेन को चलाया गया है। आने वाले समय में तेल, गैस, कोयला यह खत्म होते जा रहे है। इसलिए हमें अभी से ही वैकल्पिक रास्तों को अभी से अपनाना होगा। ऊर्जा का केवल एक सूर्य स्त्रोत है जोकि विभिन्न रूपों में है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी सरकार कई प्रकार की योजनाएं चला रही है।

पंचकूला। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना, तार्किक सोच, अनुसंधान की भावना तथा अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति गहन अभिरुचि विकसित करने के उद्देश्य से पंजाब विश्वविद्यालय स्थित अंकुर स्कूल में श्शीला कपूर एस्ट्रोनॉमी क्लब का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को खगोल विज्ञान के क्षेत्र में व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक अधिगम के नए अवसर प्रदान करेगी।

दो माह में टूटकर बिखरी सवा करोड़ की सड़क

लोगों का आरोप, ठेकेदार ने टूटी सड़क पर तारकोल से की लीपापोती, अब बनी जी का जंजाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग बनी सवा करोड़ रुपये की सड़क दो महीने में ही टूटकर बिखर गई। सड़क का निर्माण कार्य मार्च में शुरू हुआ था जोकि मई के अंतिम सप्ताह में पूरा हुआ था। इसके बाद यह सड़क लोगों के आवागमन के लिए खोल दी गई थी। लेकिन अब सड़क से कंक्रीट और बजरी उखड़ने लगी है। इससे राहगीरों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। इस गोलमाल को छिपाने के लिए और अपनी पोल खुलने के डर से ठेकेदार ने रातों-रात सड़क पर तारकोल डालकर मामले पर लीपापोती करने का प्रयास किया है। लेकिन सुबह होते ही उसकी यह पोल खुल गई। भीषण गर्मी में यह सड़क लोगों के लिए जी का जंजाल बन गई।

सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों की साइकिलें भी तारकोल में फंस जाती हैं। अभिभावकों ने रोष जताते हुए कहा कि प्रशासन बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहा है। यहां के रहने वलो संदीप, क्षितिज, सुलोचना, मीनाक्षी व गुरचरण सिंह ने बताया कि पहले तो दो साल तक इस सड़क के बनने का इंतजार किया और जब सड़क बनी तो दो महीने भी नहीं टिक पाई। लोगों ने बदहाल व्यवस्था को कोसते हुए कहा कि यह सब विभागीय लापरवाही का नतीजा है।

लोगों ने नगर परिषद से लापेरवाह ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

■ जेएसी अंबाला रीजन की ओर से आयोजित किया था कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जेएसी अंबाला रीजन द्वारा अपने सदस्यों एवं उनके परिवारों के लिए जेएसी गॉट लेटेंट नामक एक भव्य एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा उनका उत्साहवर्धन करना था। कार्यक्रम में अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। किसी ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, किसी ने मधुर गीतों से समां बांधा, तो किसी ने प्रभावशाली कविताओं एवं योग प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उपस्थित सभी सदस्यों ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की भरपूर सराहना की तथा तालियों की गूंज के साथ उनका उत्साह बढ़ाया। रीजन के रीजनल चेयरमैन विशेष धीमान ने सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम के प्रोजेक्ट लीडर्स अचिन जैन एवं विकास गुप्ता रहे। उन्होंने पूरे आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन का दायित्व आराधिका गुप्ता एवं शशांक अग्रवाल ने शानदार ढंग से निभाया।

अंबाला। कार्यक्रम के विजेता क्लब पदाधिकारियों के साथ। फोटो: हरिभूमि

कविता सुना कर सबको भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

कला एवं साहित्य मंच की सजी महफ़िल सबरंग गोष्ठी में प्रस्तुतियों ने बांधा समां सीनियर सिटीजन कौंसिल, पंचकूला के सभागार में मासिक गोष्ठी हर्षोल्लास के साथ आयोजित की गई। सबसे पूर्व कला एवं साहित्य मंच के कार्यकारिणी सदस्य सुनील मिनोचा ने खूब गर्मजोशी से उपस्थित 34 गुणीजनों का विन्रम स्वागत किया।आगे बताया कि आज से मैनेजमेंट ने आर्ट एंड लिटरेरी जोन का नाम बदल कर हिन्दी में कला एवं साहित्य मंच रख लिया है।सभी ने करतल- ध्वनि से इसका अनुमोदन किया।तत्पश्चात सभी कार्यकारिणी ने माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित की।इसके साथ ही सरोज चोपड़ा ने सरस्वती वंदना संस्कृत के श्लोको सहित की।मंच - संचालन डाक्टर नीर मित्तल 'नीर' व आभा साहनी ने बख़ूबी किया। चेयरपर्सन डाक्टर नीरू मित्तल 'नीर' ने वक्त पर कविता-'कभी शिखर कभी पाताल' सुना कर गुदगुदाया। सचिव आभा साहनी की कविता- 'अम्मा तेरे जाने से, घर-आँगन सूना लगता है' सुनाई। रचना मार्मिक बन पड़ी। कार्यकारिणी सदस्य सुनील मिनोचा ने कविता - 'बचपन का प्यार' अपने माता पिता से सुनाई और सबको सोचने पर मजबूर कर, खूब वाहवाही लुटी। कौंसिल सचिव एच सी गेरा ने प्रकृति चित्रण कविता- 'रात जाग कर, लुका- छिपी करता रहा' खूब तालियाँ बटोरी। कमलेश गेरा ने अपनी कविता में आशा का गहरा मतलब बताया।अनिमेष गोयल की 'बरसात का मौसम और उमस' पर सुन्दर कविता सुनाई । मोहिनी सचदेवा की कविता- 'सावन की दस्तक' भीगने की बेकरारी को दर्शाती थीं। सरोज चोपड़ा ने' सावन की बरसे बदरिया' एक मधुर भजन की प्रस्तुति दी।कर्नल एन के सिहाग ने एक बेटे के पिता के लिए अरमान कविता सुना कर भावविभोर किया।

धन्यवाद किया

ऊषा गर्ग ने भी दोहे, व मजबूत परिवार पर बोला।एन के शर्मा ने बारिश पर बीते जमाने की चर्चा की।चरणजीत सिहं ने 'रिश्तो से जुड़े , इतना ही बहुत है'कविता सुनाई। दीपा भल्ला ने नेकी की राह पर चलते रहे, भगवान से प्रार्थना में माँगा। रविन्द्र मित्तल,प्रेम सागर धिंगड़ा और शमा अग्रवाल भी मौजूद थें। अन्त में कार्यकारिणी सदस्य शशि चड्ढा ने सब आये सदस्यों धन्यवाद किया। खुश गुवार मौसम में,अंत में गर्मागर्म स्वादिष्ट कुल्चे आने से पूर्व पंजाबी कैसेटस पर खूब डांस भी चला। जो एक यादगार शाम बन गई।

पहले चरण का पौधरोपण अभियान संपन्न, 220 पौधे रोपित किए

अंबाला। पौधरोपण करते संस्था के पदाधिकारी।

अंबाला । सामाजिक संस्था गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा पहले चरण का पांच दिवसीय पौधारोपण अभियान रविवार को संपन्न हुआ। प्रोजेक्ट इंचार्ज जगमाल सिंह राणा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार अंबाला छावनी क्षेत्र में 15 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान में 220 पौधे रोपित किए गए। 100 वितरित किए गए। इस अभियान में प्रकृति प्रेमियों खासकर युवाओं का काफी सहयोग मिला। अब रोपित किए गए पौधों की लगातार देखभाल की जाएगी जिसके लिए ट्री गार्ड इत्यादि लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान के समापन पर गांव रौलां और वार्ड नंबर 11 की कॉलोनियों में छायादार और फलदार वृक्षों के 50 पौधे रोपित करके इतने ही गिफ्ट किए गए। पौधारोपण में सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार,गांव रौलां से रमालो देवी,गुदगुदी जंक्शन के वरिष्ठ पदाधिकारी ओम बनमाली ने अपना भरपूर योगदान दिया। गांव खोजकीपुर,नग्गल कराधान,प्रभु प्रेम पुरम ब्लॉक,पुनिया कॉलोनी,शिवम कॉलोनी,आनंद विहार,प्रोफेसर कॉलोनी और पूजा विहार में नपा सदस्य ऋतु शर्मा प्रतिनिधि गुरिंदर शर्मा,राहुल शर्मा,कृष्ण राणा,विशाल,हरि कुमार सहित सफाई कर्मचारी जितेन्द्र, बलजीत और संजीव ने पीपल,नीम,बड,जामुन,अमरूद,आम,मौलसरी और गुलमोहर आदि छायादार व फलदार वृक्षों के पौधे लगाए। गांव खुड्डा कलां से पौधारोपण प्रभारी जगमाल राणा के साथ लगातार चले अभियान में सरपंच प्रतिनिधि धर्मपाल,अशोक चौहान,राजकुमार और तारा चंद शर्मा का विशेष सहयोग रहा। पौधारोपण टीम सदस्यों ने लोगों को तुलसी व औषधीय पौधे गिफ्ट करके गुदगुदी जंक्शन समूह की गतिविधियां बताई। पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

फॉरेक्स व दवाओं में ट्रेडिंग के नाम पर कारोबारी को लगाया करोड़ों का चूना

अंबाला। निवेश के नाम पर कारोबारी प्रदीप से 2.5 करोड़ की धोखाधड़ी हो गई।

■ निवेश में मोटे मुनाफे के लालच में आकर कारोबारी ने फर्म संचालकों के पास जमा करवाए थे 4.55 करोड़ रुपये, अब बची रकम देने से मुकरे

इस मामले में मोहाली की एक निजी कंपनी के चार संचालकों के खिलाफ ठगी का केस दर्ज किया गया है। आरोपियों ने पीड़ित को दो साल में रकम दोगुनी करने और 8 प्रतिशत मासिक रिटर्न का झांसा दिया था। पुलिस ने ये कार्रवाई बैनिंग ऑफ अनरेगुलेटेड डिपॉजिट स्कीम्स एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत की है। मिलाप नगर के रहने वाले कारोबारी प्रदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में कोर्ट रोड स्थित उनकी दुकान पर आरोपी बलविंद्र सिंह आया था। उसने अपनी कंपनी एमीगोस नेचर केयर प्राइवेट लिमिटेड में निवेश करने पर भारी मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद कंपनी के प्रबंध निदेशक कुलवीर सिंह, संस्थापक सरबजोत सिंह और अमनप्रीत सिंह ने भी संपर्क किया। आरोपियों ने खुद को फॉरेक्स ट्रेडिंग, दवाइयों, ग्रेनाइट, भूमि खरीद-बिक्री और वर्मी कंपोस्ट के बड़े कारोबार से जुड़ा बताकर कई दस्तावेज भी दिखाए। प्रदीप ने बताया कि आरोपियों के दावों और दस्तावेजों के झांसे में आकर अपने, परिजनों के माध्यम से अलग-अलग तारीखों में 4.55 करोड़ रुपये कंपनी व आरोपियों के बैंक खातों में जमा करा दिए। कई बार दुकान से नकद राशि भी दी। निवेश की गई कुल राशि में से आरोपियों ने करीब ढाई करोड़ रुपये तो वापस लौटा दिए लेकिन शेष 2.05 करोड़ रुपये बकाया रख लिए। कारोबारी की मानें तो आरोपियों ने ने न तो उसकी बची रकम वापिस की न ही कोई बात करने को तैयार हैं। उल्टा उसे जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

शोरूम के लिए दो प्लाट दिलाने के नाम पर 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी

अंबाला। करनाल में शोरूम के लिए प्लॉट दिलाने का झांसा देकर कांचघर के नमन मंगला से 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। ठगों ने फर्जी तरीके से रजिस्ट्री से पहले ही उनके नाम पर प्रॉपर्टी आईडी भी जेनरेट करवा दी थी। अंबाला शहर पुलिस ने नमन मंगला की शिकायत पर राकेश, विक्रम, संदीप भारद्वाज और जस्सा बलाना के खिलाफ केस दर्ज किया है।

■ दो प्लॉटों की फर्जी प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल पर चढ़वा दी

नमन मंगला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दुर्गा नगर हिसार रोड पर मैटल मास्टर इंडस्ट्रीज के नाम से लोहे की फैक्टरी है। वर्ष 2024 में उनके परिचित संदीप भारद्वाज और जस्सा बलाना ने उनसे संपर्क किया था। बताया था कि वह करनाल के पॉश इलाके सेक्टर-12 में शोरूम के लिए दो बेहतरीन प्लॉट दिलवा सकते हैं। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए भरोसा कर लिया। आरोपियों को अलग-अलग किश्तों में 90 लाख रुपये दे दिए थे। नमन का आरोप है कि आरोपियों ने सरकारी सिस्टम में हेरफेर कर रजिस्ट्री होने से पहले ही उसके व पिता के नाम पर दो प्लॉटों की फर्जी प्रॉपर्टी आईडी पोर्टल पर चढ़वा दी। जब रजिस्ट्री का दबाव बनाया तो दोनों आरोपियों ने अपनी पारिवारिक समस्याओं का हवाला देते हुए कुछ समय का वक्त मांग लिया। इसी बीच आरोपियों ने एक नया जाल बुना व जिरकपुर में भी एक जमीन दिलाने के नाम पर नमन से 10 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। शिकायतकर्ता नमन का आरोप है कि ठगी का यह खेल यहीं नहीं रुका। साल 2026 में इस मामले में दो नए आरोपी राकेश कुमार और विक्रम शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संदीप और जस्सा का छोड़ा हुआ अधूरा काम यानी रजिस्ट्री वह पूरी करवा देंगे लेकिन इसके लिए 15 लाख रुपये और लगेंगे। इस तरह से और पैसे ट्रांसफर कर दिए। उसने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ करीब 1 करोड़ 15 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। एसएचओ सिटी सुनीता ढाका ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों को काबू किया जाएगा।

रोटरी क्लब की ओर से टीबी मरीजों को दी मासिक हाई-प्रोटीन डाइट

अंबाला। मरीजों को प्रोटीन डाइट वितरित करते क्लब पदाधिकारी।

अंबाला। रोटरी क्लब अंबाला द्वारा समाज सेवा के अपने निरंतर प्रयासों के अंतर्गत रविवार को मासिक हाई-प्रोटीन डाइट वितरण परियोजना का आयोजन अंबाला छावनी में किया गया। इस सेवा परियोजना के अंतर्गत तपेदिक (टीबी) से पीड़ित 10 मरीजों को पौष्टिक एवं हाई-प्रोटीन डाइट किट वितरित की गईं, ताकि उनके उपचार के साथ-साथ बेहतर पोषण भी सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन क्लब के प्रधान रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा के नेतृत्व में किया गया। परियोजना के प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटेरियन सुनील अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन एवं समन्वय किया। क्लब के सचिव रोटेरियन डॉ. आरआर सूरी ने कहा कि उचित पोषण टीबी मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा इसी उद्देश्य से क्लब द्वारा यह सेवा परियोजना प्रत्येक माह नियमित रूप से संचालित की जा रही है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रोटेरियन डॉ. केके जैन, विजय गुप्ता, सुरिंदर गोयल, संदीप चोपड़ा, इंदर गुगलानी, डॉ. राजिंदर राणा, विशाल जैन, अशोक भल्ला, संदीप गुप्ता तथा पवन सेठी सहित रोटरी क्लब के अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने टीबी मरीजों को हाई-प्रोटीन डाइट किट वितरित करते हुए उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की तथा समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

सोशल मीडिया क्रिएटर ने महिला समेत कई लोगों पर लगाए मारपीट के आरोप

अंबाला। पशु प्रेमी महिला के खिलाफ अब नया केस दर्ज हो गया है। इससे पहले उनके खिलाफ बुजुर्ग से मारपीट का मामला दर्ज हो चुका है। अब एक सोशल मीडिया क्रिएटर ने महिला और उसके साथियों पर दुकान में घुसकर मारपीट, अपहरण का प्रयास, पगड़ी उतारने और धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप लगाए हैं।शिकायत के बाद शाम विभिन्न समुदायों से जुड़े लोग अंबाला कैंट थाने पहुंचे। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ दूसरा केस दर्ज कर लिया है। मच्छौंडा गांव के सोशल मीडिया क्रिएटर अमरप्रीत सिंह ने शिकायत में बताया कि उन्होंने सोशल मीडिया पर महिला के एक कथित आपत्तिजनक वीडियो पर प्रतिक्रिया दी थी। आरोप है कि 16 जुलाई की शाम महिला अपने पति और करीब 20 युवकों के साथ उनकी दुकान पर पहुंची थी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

कार्यक्रम मनोनीत सदस्य अजय बवेजा ने अधिकारियों को बोर्ड की विकसित योजनाओं से करवाया अवगत

ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने देखा कैंटोनमेंट बोर्ड का विकास मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी से आए नए ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने रविवार को अंबाला कैंटोंमेंट बोर्ड का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छावनी बोर्ड की विशेष कार्य प्रणाली, प्रशासनिक ढांचे और स्थानीय विकास के मॉडल को जमीनी स्तर पर समझना था। इस विशेष अवसर पर अंबाला छावनी बोर्ड के मनोनीत सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष अजय बवेजा ने युवा ट्रेनी आईएएस अधिकारियों का स्वागत किया और उनके साथ एक बेहद महत्वपूर्ण व सकारात्मक संवाद किया। अधिकारियों से बातचीत करते हुए अजय बवेजा ने कहा कि एक स्थानीय निकाय प्रतिनिधि होने के नाते हमारी सबसे पहली प्राथमिकता छावनी क्षेत्र के निवासियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर वातावरण प्रदान करना है। इसके साथ ही अंबाला कैंट की एक विशिष्ट पहचान है जहां सेना और सिविलियन आबादी साथ-साथ रहती है। ऐसे में सेना के साथ बेहतरीन समन्वय और सामंजस्य स्थापित करके ही दोनों क्षेत्रों का समान और सुचारू रूप से विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

अंबाला। कैंटोनमेंट बोर्ड देखने पहुंचे ट्रेनी आईएएस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

प्रशासनिक पहलुओं पर सवाल सांझा किए

बवेजा ने युवा अधिकारियों को बताया कि किस तरह छावनी बोर्ड नागरिक सुविधाओं को बनाए रखते हुए सैन्य अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाकर विकास कार्यों को गति देता है। उन्होंने कहा कि यह संवाद आने वाले समय में इन अधिकारियों को फील्ड में नीति निर्धारण और नागरिक-सैन्य संबंधों को बेहतर ढंग से संभालने में मददगार साबित होगा। इस दौरे के दौरान ट्रेनी आईएएस अधिकारियों ने भी छावनी बोर्ड की कार्यप्रणाली और यहां के अनूठे विकास मॉडल को जानने में गहरी रुचि दिखाई। विभिन्न प्रशासनिक पहलुओं पर अपने सवाल भी सांझा किए।

सड़कों के गहरे गड्ढे भरने के लिए 25 लाख का बजट तय

अंबाला। अंबाला छावनी की टूटी सड़कों को दुरुस्त करने के लिए नगर परिषद को इस बार बजट का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। परिषद ने बरसात के दौरान सड़कों के पॉट-होल (गड्ढे) भरने के लिए पहले से ही 25 लाख का बजट तय किया है। इसके साथ ही कैंट की मुख्य सड़कों की व्यापक मरम्मत के लिए भी अलग से बजट की मंजूरी मांगी गई है। बता दें कि अंबाला छावनी के बैंक रोड, राय मार्केट, गांधी मार्केट, रामबाग रोड व 12 क्रॉस रोड समेत प्रमुख बाजारों और मुख्य सड़कों पर कई जगहों पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में इन गड्ढों में पानी भरने से हादसों का खतरा और बढ़ जाता है।